हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, मंगलवार 9 जून 2026

10 गांव डोभी के सरपंच और पंचों के बीच खींचतान



10 गुजवि एवं सांस्कृतिक गौरव संस्थान के बीच एमओयू



## शोरूम मैनेजर सूरज जैन की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

### हिसार की दुर्गा कॉलोनी के गौरव उर्फ गोचू व रवि उर्फ गोलू के रूप में हुई आरोपियों की पहचान

### मुख्य आरोपी के दोस्त हैं दोनों मुंढाल में फोन बंद कर पांचों अलग अलग दिशाओं में हो गए फरार

### एसटीएफ हिसार और हांसी पुलिस का जॉइंट ऑपरेशन, तीन फरार आरोपियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

नेशनल हाइवे-10 स्थित जोकी शोरूम के मैनेजर सूरज हत्याकांड में पुलिस ने अहम सफलता हासिल की है। एसटीएफ हिसार और थाना सदर हांसी की संयुक्त टीम ने वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिसार की दुर्गा कालोनी निवासी गौरव उर्फ गोचू और रवि उर्फ गोलू के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों मुख्य आरोपी साहिल बामल के दोस्त हैं और हत्या में शामिल थे। विनोद कुमार ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस ने सूरज जैन के पिता दीपक जैन की शिकायत पर थाना सदर में हत्या का केस दर्ज हुआ था। सूरज की कुछ युवकों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया।





### सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुई पहचान

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण से आरोपियों की पहचान हुई। जांच में मुख्य आरोपी साहिल बामल व उसके दोस्तों की भूमिका सामने आई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वारदात को अंजाम देने पहले सभी आरोपियों ने हिसार में शराब का सेवन किया और उसके सभी ने एनएच -10 मार्केट में सचिन जैन के साथ मारपीट कर उसकी हत्या की वारदात को अंजाम देकर पांचों आरोपी मुंढाल की ओर फरार हो गए तथा मुंढाल से पांचों आरोपियों ने अपने फोन स्विच ऑफ कर लिए और अलग-अलग दिशाओं में फरार हो गए।

### गौरव पर पहले भी दर्ज हैं दो मुकदमे

पुलिस के अनुसार आरोपी गौरव उर्फ गोचू के खिलाफ थाना सिविल लाइन हिसार में धारा 307 व आर्म्स एक्ट के दो मामले पहले से दर्ज हैं। सीआईए और थाना सदर की टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। एसटीएफ हिसार के टीम प्रभारी उपनिरीक्षक अनुप व थाना सदर की संयुक्त टीम ने दोनों को काबू किया। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लिया जाएगा। पुलिस रिमांड के दौरान वारदात से जुड़े अन्य तथ्यों, सह-आरोपियों और हथियार बरामदगी को लेकर पूछताछ की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी भी तीन आरोपी फरार हैं और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है। जल्द ही तीनों आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया जाएगा।

### चूहों ने कुतर दिया था शव, जांच तेज

## डी-फ्रीजर के गेट में मिला 10 एमए का छेद, गैस किट भी कटी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखे महिला के शव को चूहों द्वारा कुतरने के मामले की जांच में डी-फ्रीजर में तकनीकी खामियां सामने आई हैं। प्रारंभिक जांच में डी-फ्रीजर के गेट में करीब 10 एमएम का छेद और गैस किट कटी हुई मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

सोमवार को डी-फ्रीजर बनाने वाली कंपनी के इंजीनियरों ने अस्पताल पहुंचकर उपकरण का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि डी-फ्रीजर के सामने वाले हिस्से में बना छेद चूहों के प्रवेश का संभावित रास्ता हो सकता है। इंजीनियरों को गैस किट में कटाव और लीकेज भी मिली है। इस संबंध में तकनीकी और विभागीय स्तर पर जांच जारी है। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग की तीन सदस्यीय समिति ने भी जांच शुरू कर दी है।

समिति के सदस्य डॉ. सुभाष खतरेजा, डॉ. तरुण और डॉ. सुनील ने शवगृह का रिकॉर्ड खंगाला और डी-फ्रीजर का निरीक्षण किया। टीम यह भी जांच रही है कि शवगृह की क्षमता के अनुरूप शव रखे जा रहे थे या नहीं तथा सुरक्षा व्यवस्था में कहीं कोई चूक तो नहीं हुई। समिति तीन दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। गौरतलब है कि हांसी निवासी 25 वर्षीय कोमल की डिलीवरी के दौरान तबीयत बिगड़ने पर उसे हिसार लाया जा रहा था। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी। शनिवार रात उसका शव नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखा गया था। रविवार सुबह पोस्टमार्टम से पहले परिजनों ने आरोप लगाया कि शव को चूहों ने कुतर दिया है। इसके बाद अस्पताल में हंगामा हुआ और शव को पोस्टमार्टम के लिए अग्रोहा भेजना पड़ा। अग्रोहा में पोस्टमार्टम के बाद जब परिजन शव को लेकर हांसी पहुंचे तो उन्होंने तोशाम चुंगी के पास जाम लगाकर कई वाहनों में तोड़फोड़ तक कर डाली थी।

घटना के बाद अस्पताल की शव संरक्षण व्यवस्था और सुरक्षा मानकों पर सवाल खड़े हो गए हैं। अब जांच रिपोर्ट से यह स्पष्ट होगा कि घटना तकनीकी खराबी, रखरखाव में लापरवाही या किसी अन्य कारण से हुई।



### कमियां दूर करेंगे

कंपनी के इंजीनियर डी-फ्रीजर की जांच कर रहे हैं। जांच में जो भी कमियां सामने आएंगी, उन्हें दूर किया जाएगा। डॉक्टरों की समिति भी मामले की जांच में जुटी है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**-डॉ. रीना जैन,** पीएमओ, नागरिक अस्पताल

### खबर संक्षेप

#### चोरी की आरोपी महिला गिरफ्तार, राशि बरामद

**हिसार।** मंगाली चौकी पुलिस ने चोरी के आरोप में महिला को गिरफ्तार करके उससे चोरी की गई नकदी बरामद की है। चौकी प्रभारी मंगाली सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि इस संबंध में बाड़या ब्राह्मणान निवासी सोमबीर ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार रविवार को वह अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहा था। रास्ते में एक महिला ने उनसे लिफ्ट मांगी, जिस पर उन्होंने उक्त महिला को मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। कुछ दूरी पर महिला के उतरने के बाद शिकायतकर्ता ने अपनी जेब की जांच की तो उसमें रखे 6000 रुपये नकद गायब मिले। पुलिस ने केस दर्ज करके सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए डाया निवासी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

#### चोरी के मोटरसाइकिल सहित आरोपी दबोचा

**हिसार।** सीआईए की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद किया है। आरोपी की पहचान खरड़ गांव निवासी मोनू के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक कर्ण सिंह ने बताया कि इस संबंध में लाडवा निवासी परमवीर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके खेत से किसी ने उसका मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। सदर थाना में केस दर्ज करके जांच करते हुए सीआईए टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया गया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी के विरुद्ध चोरी के दो अन्य मामले भी पहले से दर्ज हैं।

#### दो नशा तस्कर 17 ग्राम हेरोइन सहित पकड़े

**हिसार।** सीआईए बरवाला की टीम ने हिसार की पुरानी सब्जी मंडी रेलवे रोड दो नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनसे 17 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपियों की पहचान बहबलपुर निवासी आशीष उर्फ बच्ची व बाडो पट्टी निवासी मुकेश के रुप में हुई है। बरवाला सीआईए प्रभारी पीएसआई प्रदीप ने बताया कि एएसआई सुशील कुमार अपनी पुलिस पार्टी के साथ गश्त पर रेड स्कवेयर मार्केट में थे। इसी दौरान एक सूचना के आधार पर वे पुरानी सब्जी मंडी रेलवे रोड के पास पहुंचे तो दो युवक खडे हुए दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों लड़कों को काबू करके उनकी तलाशी ली तो आरोपी आशीष उर्फ बच्ची से 10 ग्राम व आरोपी मुकेश से 07 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके उन पर केस दर्ज कर लिया है।

#### नाबालिग से छेड़छाड़ करने का आरोपी धरा

**हिसार।** सदर पुलिस ने नाबालिगा से छेड़छाड़, धमकी देने व पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बालसमंद रोड स्थित संजय नगर निवासी विक्रम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में संजय नगर निवासी शिकायतकर्ता की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार आरोपी ने नाबालिगा से छेड़छाड़, अश्लील हरकतें की व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता देख पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

#### सर्च ऑपरेशन में गांजे सहित महिला काबू

**हिसार।** पीएलए चौकी इंचार्ज एएसआई अनूप के नेतृत्व में स्वेट टीम-2 व डाग स्कवायड ने सिविल लाइन क्षेत्र में संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, स्थानों तथा मकानों की गहनता से तलाशी ली गई और एक महिला को लगभग 150 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपी महिला की पहचान मनोहर कालोनी निवासी के रूप में हुई है।



## कबाड़ के ढेर में आग, खाली कराईं आसपास की झुग्गियां

- सामान हटाने का प्रयास करते समय शेड टूटने से पुलिस कर्मी नीचे गिरा, हालत गंभीर

**हिसार।** जिले के अग्रोहा क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब भूना रोड स्थित एक प्लॉट में रखे कबाड़ के ढेर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे क्षेत्र में धुएं का घना गुबार फैल गया। आग की लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगे, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

क्षेत्रवासियों ने लोगों ने सोमवार दोपहर को लगी आग की सूचना तुरंत पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया गया। अग्रोहा थाना पुलिस की टीम भी तत्काल मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। आग बुझाने के प्रयासों के दौरान एक पुलिसकर्मी बहादुरी दिखाते हुए पास में बने एक शेड पर चढ़कर वहां रखा सामान सुरक्षित स्थान पर हटाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान अचानक शेड भरभराकर टूट गया, जिससे पुलिसकर्मी नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पुलिसकर्मी को तुरंत उपचार के लिए महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में भर्ती करवाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

जिस स्थान पर आग लगी थी, उसके आसपास बड़ी संख्या में झुग्गियां स्थित हैं। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आग झुग्गी बस्तियों तक पहुंच सकती थी, जिससे भारी जन-धन हानि होने की आशंका थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन आसपास की झुग्गियों को खाली करवाया और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। फायर कर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस और प्रशासन मामले की जांच करते हुए नुकसान के आंकलन में लगे हैं।

## बिजली-पानी के लिए आज से 5 ग्रामीण आमरण अनशन पर

- समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर चानौत का धरना 24वें दिन भी रहा जारी
- कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा बोले- संसद में मजबूती से उठाई जाएंगी ग्रामीणों की मांगें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पीने के पानी व बिजली समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर गांव चानौत में चल रहा आंदोलन सोमवार को 24वें दिन भी जारी रहा। उधर, 9 जून से गांव के पांच ग्रामीण आमरण अनशन पर बैठेंगे। सोमवार को धरनास्थल पर पहुंचे कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि चानौत गांव की आवाज अब विधानसभा से लेकर संसद तक गूंजेगी और ग्रामीणों की जायज मांगों को हर स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा। धरने को समर्थन देने के लिए कांग्रेस विधायक जस्सी पेटवाड़, आदमपुर विधायक चंद्रप्रकाश, अनिल मान, संतोष दहिया, राहुल मक्कड़, सुमन शर्मा, सोविन बेरवाल, विकास ढांडा, अशोक मलिक तथा राजेंद्र सूरा सहित अनेक कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता पहुंचे। सभी नेताओं ने ग्रामीणों की मांगों को न्यायोचित बताते हुए सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की।

धरना कमेटी के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में हांसी शहर को जाने वाली पाइपलाइन से गांव चानौत को 8 इंच का स्थायी जल कनेक्शन उपलब्ध कराना, जलभराव की समस्या के समाधान के लिए ड्रेन व्यवस्था करना तथा पिछले वर्ष बाढ़ से प्रभावित गांव के समग्र विकास के लिए 25 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज जारी करना शामिल है।

### समाधान न हुआ तो और तेज किया जाएगा आंदोलन

धरना कमेटी की ओर से पूर्व सरपंच सत्यवान दूहन और अनूप चानौत ने घोषणा की कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 जून से गांव के पांच ग्रामीण आमरण अनशन पर बैठेंगे। धरना कमेटी के अनुसार आमरण अनशन के समर्थन में विभिन्न खाप पंचायतों, किसान संगठनों और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में चानौत पहुंचेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि यह संघर्ष गांव के भविष्य, मूलभूत सुविधाओं और आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की लड़ाई है, जिसे किसी भी कीमत पर अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा।

## निष्पक्ष जांच के आश्वासन पर पूर्व फौजी का अंतिम संस्कार

**हांसी।** भगाना निवासी सेवानिवृत्त सैनिक सुंदर पंघाल की संदिग्ध मौत के मामले में सोमवार को पुलिस के निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार कर दिया। इससे पहले रविवार को गांव भगाना में आयोजित पंचायत में ग्रामीणों ने मामले में नामजद आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई थी।



गौरतलब है कि शनिवार सुबह सुंदर पंघाल का शव हांसी की विकास नगर कॉलोनी में एक मकान के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल से चार पृष्ठों का एक कथित सुसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसमें लेन-देन के विवाद का उल्लेख बताया गया है। मृतक के बेटे एडवोकेट मनजीत पंघाल की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने विकास नगर निवासी पूनम, उसके ससुर होशियार सिंह, सास कृष्णा और एक ड्राइवर पर केस दर्ज किया है। पंचायत में ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत ने परिजनों को आश्वस्त किया कि मामले की गहन जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम और हैंडराइटिंग जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नींद में छत से आंगन में गिरा युवक, मौत

**हिसार।** आजाद नगर एरिया में रविवार रात्रि छत से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 29 वर्षीय रोहताश के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई की है। रोहताश एक कंस्ट्रशन कंपनी में सुपरवाइजर था।

मृतक के दोस्त रितेश के अनुसार रोहताश मूलरूप से राजस्थान के बड़ी छानी गांव का रहने वाला था और अविवाहित था। वह आजाद नगर की गली नंबर चार में एक मकाम में किराये पर रहता था। रविवार को वह अपने एक दोस्त के घर गया था। रात 11 बजे वह शौचालय जाने के लिए उठा। इस दौरान नींद में वह छत से नीचे आंगन में गिर गया। उसे नागरिक अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



उकलाना। नोटिस देते जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम। फोटो: हरिभूमि

### पेयजल की बर्बादी रोकने को विभाग सख्त

## अवैध पेयजल कनेक्शन काटे कई लोगों को थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

लगातार बढ़ती गर्मी व पेयजल की तंगी को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने पेयजल की बर्बादी रोकने और जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से उकलाना के गांव खैरी में अभियान चलाया।

विभाग की टीम ने गांव में निरीक्षण कर अवैध जल कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई लोगों को नोटिस जारी किए। साथ ही खुले प्लॉटों और अन्य स्थानों पर चल रहे अवैध कनेक्शनों को मौके पर ही काट दिया। अभियान का नेतृत्व कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार ने किया। अभियान के दौरान विभागीय टीम ने गांव का दौरा कर जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया, और ऐसे स्थानों की पहचान की जहां पेयजल का दुरुपयोग किया जा रहा था। अधिकारियों ने उन उपभोक्ताओं को चेतावनी दी जो पाइप खोलकर वाहनों की धुलाई कर रहे थे, गलियों में पानी बहा रहे थे और टंकियों को ओवरफ्लो होने तक खुला छोड़ रहे थे। विभाग ने स्पष्ट किया कि पेयजल की बर्बादी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक घर तक समान रूप से पेयजल पहुंचाना है।

**गुस्सा** | छवि धूमिल करने का आरोप, निर्देशक, लेखक व गायकों पर कार्रवाई की मांग

## 'कॉलेज आली छोरी होगी सैट कंडक्टर कै' के गायक कलाकारों की मुश्किलें बढ़ीं, रोडवेज साझा संघर्ष समिति ने पुलिस को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

'कॉलेज आली छोरी होगी सैट कंडक्टर कै' के गायक कलाकारों की मुश्किलें बढ़ सकती है। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा के नेतृत्व में कंडक्टरों ने शहर थाना में शिकायत देकर गायक कलाकारों पर उनकी छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। संगठनों ने कलाकारों पर कार्रवाई करने व गाने को यू-ट्यूब से हटाने की मांग उठाई है।

हरियाणा रोडवेज साझा संघर्ष समिति के नेतृत्व में कंडक्टरों की ओर से शहर थाना में दी गई शिकायत में कहा गया है कि गायक कलाकारों ने रोडवेज व परिचालकों की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है। शिकायत के अनुसार हाल ही में एक हरियाणवी गाना, जिसका नाम 'कॉलेज आली छोरी होगी सैट कंडक्टर कै' रिलिज हुआ है। इसमें कंडक्टर के प्रति बहुत ही निंदनीय भाषा का प्रयोग किया गया है।

इसके अलावा हमारी बहन-बेटियां, जो कॉलेज जाती है, उनके प्रति भी गलत टिप्पणियां की गई है, जिससे समाज में कंडक्टर व कॉलेज जाने वाली लड़कियों के प्रति गलत संदेश गया है। इससे जहां कंडक्टरों की छवि धूमिल हुई है वहीं बहन-बेटियों को भी ठेस पहुंची है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इस गाने ने हमारी कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए हैं।



हिसार। गाने का एक दृश्य।

### कर्मचारियों का धरना 25वें दिन भी जारी

रोडवेज के हिसार डिपो कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर साझा संघर्ष समिति, हिसार डिपो के बैनर तले चल रहा धरना सोमवार को 25वें दिन भी जारी रहा। सोमवार के धरने की अध्यक्षता कर्मवीर मसूदपुर ने की, जबकि मंच संचालन रोशन लाल ने किया। धरने के दौरान कर्मचारियों को जानकारी दी गई कि मुख्यालय द्वारा हिसार डिपो से संबंधित लंबित मांगों एवं विभिन्न मामलों की जांच के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी 10 से 12 जून तक जांच करेगी। समिति ने उम्मीद जताई कि जांच प्रक्रिया निष्पक्ष होगी तथा जो भी अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। धरने में साझा संघर्ष समिति के पदाधिकारी संदीप जैनावास, अनूप श्योकंद, अजय दुहन, बजरंग लाखा, अरुण शर्मा, जितेंद्र शर्मा, नरेंद्र खरड़, अमित जुगलान, पवन कन्नोह सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

### गाना यूट्यूब से हटाने की मांग

शिकायत में मांग की गई है कि इस गाने को यू-ट्यूब से हटवाकर निर्देशक, लेखक व गायकों पर कड़ी कार्रवाई करें ताकि भविष्य में रोडवेज की कार्यशैली पर जनता में संदेह पैदा न हो और समाज में हमारी साफ-सुथरी छवि बनी रहे। यू-ट्यूब पर गाना देखने से पता चलता है कि इसके गायक नवीन नारू, सोनिका सिंह व सोमबीर खटक है। रोडवेज नेता जोगेन्द्र पंघाल, संदीप जैनावास एवं अजय दुहन ने कहा कि ऐसे गाने समाज में गलत संदेश देते हैं और इन पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस को दी शिकायत में अनेक परिचालकों ने हस्ताक्षर करते हुए गाने पर रोष जताया है। पुलिस अधिकारियों ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की बात कही है।

## साइबर ठगी में यूपी के हजरतपुर का युवक दबोचा, ₹9 हजार बरामद

**हांसी।** साइबर अपराध थाना हांसी पुलिस ने बीमा पॉलिसी का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान यूपी के बुलंदशहर जिले के हजरतपुर निवासी रोहित कुमार के रूप में हुई है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक रामबिलास ने बताया कि थाना साइबर अपराध हांसी में एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके पास स्वयं को बीमा कंपनी का अधिकारी बताने वाले व्यक्ति का फोन आया। आरोपी ने बीमा पॉलिसी से संबंधित राशि वापस दिलाने और पॉलिसी का पूरा लाभ दिलाने का झांसा देकर विभिन्न माध्यमों से उससे पैसे ट्रांसफर करवा लिए। बाद में महिला को अपने साथ साइबर ठगी होने का पता चला, जिसके बाद उसने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई। थाना साइबर अपराध हांसी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर आरोपी रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उप निरीक्षक रामबिलास ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से मामले से संबंधित 9 हजार रुपये की राशि बरामद की गई है। आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

हरिभूमि
सहेली



हर महिला अपनी लाइफ में सक्सेस चाहती है, वह अपने सारे डिसीजंस स्वयं लेना चाहती है, लेकिन कहीं न कहीं उसके भीतर कुछ संकोच, दुविधाएं होती हैं, जो उसके आगे बढ़ने की राह में बाधक होती हैं। आप कैसे इन बातों से उबरें और स्ट्रॉन्ग होकर सक्सेसफुल वूमेन बनें, आपके लिए फाइव पॉवर पंच।

# 5 हर वूमेन के लिए पॉवर पंच

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

आज के दौर में महिलाएं हर फील्ड में अपनी पहचान बना रही हैं। सक्सेस की इस दौड़ में खुद को मेंटली और इमोशनल रूप से स्ट्रॉन्ग रखना भी बहुत जरूरी है। इस संदर्भ में यह समझना भी जरूरी है कि घर-परिवार, करियर और अपने पर्सनल एंबिशंस के बीच बैलेंस बनाने के लिए केवल मेहनत काफी नहीं है, सही विजन और मेंटल क्लीनर्स भी बहुत जरूरी हैं। एक महिला की असली शक्ति उसके भीतर ही होती है। जब उसकी सोच बदलती है, तो उसकी दुनिया बदल जाती है। हर महिला अगर 5 प्रभावशाली-शक्तिशाली सूत्रों को अपने व्यवहार में उतारें, तो वे देखेंगी कैसे उनका जीवन अधिक संतुलित, सफल और खुशियों से भर उठता है। ये जीवनोपयोगी सूत्र कौन से हैं, जानें-

## 1. अपनी जगह बनाना सीखें

कॉर्पोरेट वर्ल्ड और पर्सनल लाइफ में महिलाओं को संकोचवश एक अदृश्य खोल में सिमटा हुआ देखा जाता है। अकसर महिलाएं अपनी योग्यता पर संदेह करती हैं, जिसे



'इंपोस्टर सिंड्रोम' कहा जाता है। वे मीटिंग्स में पीछे की चेयर चुनती हैं या अपनी उपलब्धि का श्रेय नहीं लेना चाहतीं। कोई उनकी सराहना करता भी है तो इसका श्रेय वे अपने आपको नहीं अपने भाग्य को देती हैं, लेकिन आगे बढ़ने के लिए जरूरी है कि आप अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। डिसीजन लेने वाली एक्टिविटीज में एक्टिव हों। जब तक आप खुद को आगे नहीं बढ़ाएंगी, दुनिया आपको जगह नहीं देगी। यह सीख केवल ऑफिस तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार के महत्वपूर्ण निर्णयों में भी अपनी आवाज बुलंद करने के लिए इंस्पायर करती है। बेस्टसेलर पुस्तक 'लीन इन' की लेखिका शेरिल सैंडबर्ग कहती हैं, 'आप अपनी एंबीशंस के लिए माफी मांगना बंद करें और कॉन्फिडेंस के साथ लीडर की कमान संभालें।

## 2. फाइनेंसियल लिट्रेसी बढ़ाएं

फाइनेंसियल फील्ड को अकसर पुरुषों की फील्ड मान लिया



जाता है, जो एक बड़ी भूल है। एक्सपर्ट कहते हैं, असली संपत्ति वह है, जो आपकी जेब में पैसा डाले, न कि बाहर निकाले। महिलाओं के लिए केवल बचत करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पैसों की खेती करना यानी निवेश करना भी अनिवार्य है। चाहे वह स्टॉक मार्केट हो, म्यूचुअल फंड हो या छोटा बिजनेस, पैसे को अपने लिए सही जगह पर लगाना सीखें। ताकि आपका पैसा, और पैसा कमाए। आर्थिक निर्भरता कभी-कभी महिलाओं को गलत स्थितियों में रहने पर मजबूर कर देती है। इसलिए अपनी आय के स्रोत बनाना और अपने फाइनेंसियल डिसीजन खुद लेना सेल्फ डिपेंडेंट होने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रसिद्ध फाइनेंस एडवाइस बुक 'थिंक एंड ग्रो रिच' में राइटर रॉबर्ट कियोसाकी कहते हैं, 'अपनी 'फाइनेंसियल लिट्रेसी बढ़ाएं ताकि आप भविष्य के प्रति सुरक्षित महसूस कर सकें।'

## 3. अपनी वीकनेस को एक्सेप्ट करें

हम एक ऐसे समाज में रहते हैं, जहां महिलाओं पर 'परफेक्ट' दिखने का भारी दबाव होता है। उनसे एक परफेक्ट मां, पत्नी और कर्मचारी बनने की उम्मीद की जाती है। परफेक्शनिज्म एक ऐसा कवच है, जिसे हम चोट से बचने के लिए पहनते हैं, लेकिन यह हमें दूसरों से जुड़ने से रोकता है। असली साहस अपनी वीकनेस को एक्सेप्ट करने में है। बुक 'द गिफ्ट्स ऑफ इंपरफेक्शन' की राइटर ब्रेने ब्राउन कहती हैं, 'जब आप यह मान लेती हैं- मैं जैसी हूं, पर्याप्त हूं, तब आप दिखावे की थकान से मुक्त हो जाती हैं।' ब्रेने ब्राउन की सलाह है कि महिलाएं आत्म-करुणा का अभ्यास करें। वे खुद के प्रति उतनी ही दयालु रहें, जितनी वे अपने प्रियजनों के प्रति होती हैं। अपनी खामियों को अपनी विशिष्टता मानें, क्योंकि वे ही आपको 'इंसान' बनाती हैं। यह सूत्र मानसिक शांति और गहरे आत्म-सम्मान का आधार है।

## 4. छोटी आदतों का बड़ा जादू

अकसर महिलाएं अपने हेल्थ या करियर में बड़े बदलाव लाने की कोशिश करती हैं, असफल होने पर निराश हो जाती हैं। 'एटॉमिक हैबिट्स' के राइटर जेम्स क्लियर सिखाते हैं कि लक्ष्य से ज्यादा 'सिस्टम' महत्वपूर्ण है। यदि आप रोज केवल एक प्रतिशत खुद में सुधार करती हैं, तो साल के अंत में आप 37 गुना बेहतर बन सकती हैं। इसे 'एटॉमिक हैबिट्स' कहते हैं। अगर आप फिट रहना चाहती हैं, तो पहले दिन एक घंटा जिम जाने के बजाय केवल पांच मिनट टहलने की आदत डालें। 'हैबिट स्टैकिंग' का प्रयोग करें, जैसे सुबह की चाय पीते समय दो पन्ने बुक पढ़ना। ये छोटे बदलाव समय के साथ कंपाउंडिंग ब्याज की तरह बढ़ते हैं और आपके व्यक्तित्व का



हिस्सा बन जाते हैं। बड़े लक्ष्यों को छोटे, आसान कदमों में बांटकर आप बिना तनाव के बड़ी सक्सेस पा सकती हैं।

## 5. अपनी पहचान अपने ढंग से बनाएं

हमें अपनी पहचान दूसरों की नजरों से तय नहीं करनी चाहिए। आप एक मां, बेटी या पत्नी होने से कहीं बढ़कर हैं। अपनी जड़ों का सम्मान करें, लेकिन अपनी पहचान को किसी एक भूमिका में सीमित न होने दें। चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी आवाज और पहचान ढूंढ़ना ही जीवन का असली उद्देश्य होना चाहिए। यह कभी न भूलें कि आपकी परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, आपकी मेहनत और आपके विचार ही आपका भविष्य तय करते हैं।

# बच्चे जीवन में हों सफल
# इसके लिए शुरू से सिखाएं ये बातें

सभी पैरेंट्स यही चाहते हैं, उनके बच्चे जीवन में सफल रहें, एक अच्छा मुकाम पाएं। इसके लिए जरूरी है वे शुरू से बच्चों को कुछ उपयोगी सीखें दें। इन सीखों से बच्चे जरूर जीवन में सफल रहेंगे।

परवरिश
रजनी अरोड़ा



सभी पैरेंट्स यही चाहते हैं, उनका बच्चा बड़े होकर डरपोक नहीं, मजबूत बने, अपनी समझ से सही फैसले ले। इसके लिए पैरेंट्स का अपने बच्चों को कुछ बातें सिखानी जरूरी हैं ताकि वे अंदर से स्ट्रॉन्ग और कॉन्फिडेंट बनें। जो बच्चा समझदार और अंदर से मजबूत होगा, वह कभी भी कमजोर नहीं साबित होगा, जीवन में सफल रहेगा।

**सही काम करने के लिए प्रेरित करें:** बच्चों को बताएं हमेशा सही काम करो। सही काम इसलिए करो कि खुद पर गर्व हो। दूसरों को दिखाने के लिए अच्छा मत बनो। अच्छा इसलिए बनो कि दिन बीतने के बाद जब अपने बारे में सोचो तो गर्व महसूस हो। बच्चों को समझाएं कि चरित्र ही इंसान की असली ताकत होती है।

**अपने आपको समझना जरूरी:** बच्चे को बताएं कि सबको खुश करना जरूरी नहीं है। हर इंसान तुम्हारी इज्जत या दोस्ती के लायक नहीं होता। अपने आपको समझना जरूरी है, जो अपने आपको समझता है, वह दुनिया में मजबूती से खड़ा रहता है।



**समझदारी से दोस्त बनाएं:** बच्चों को दोस्तों की परख करना सिखाएं कि अच्छे दोस्त आगे बढ़ाने में मददगार होते हैं। वह जिनके आस-पास रहता है, वे या तो उसे आगे बढ़ाएंगे या नीचे गिराएंगे। इसलिए समझदारी से दोस्त बनाए।

**अपनी हेल्थ से बड़ा कुछ नहीं:** बच्चों को समझाएं कि दोस्तों के प्रभाव में आकर किसी खराब आदत को न अपनाएं। मोबाइल की लत, झूठ बोलना, आलस करना सही नहीं है। आज की छोटी गलती कल की बड़ी परेशानी या एडिक्शन बनते देर नहीं लगेगी। बच्चों को समझाएं कि हेल्थ उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी पूंजी है, इसलिए अनहेल्दी हैबिट्स से दूर रहें।

**सतर्कता से छोटे-छोटे डिसीजन लें:** बच्चे को बताएं कि उसे अपने लेवल पर रोज छोटे-छोटे डिसीजन लेने पड़ते हैं। उस वक्त सिर्फ इतना याद रखना जरूरी है कि उसके द्वारा लिए गए डिसीजन से ही उसका परिणाम तय होता है। वो परिणाम पॉजिटिव भी हो सकता है और नेगेटिव भी। इसलिए कोई भी डिसीजन लेने से पहले अच्छी तरह विचार जरूर कर लें।

**न बोलना सिखाएं:** अगर कुछ गलत लगे, मन न माने, डर लगे तो उसे न बोले। न कहना गलत या शिष्टाचार के विरुद्ध नहीं, अपनी इज्जत और सुरक्षा की निशानी है।

**लक्ष्य जरूर तय करें:** बच्चे को बताएं कि तुम्हारे पास एक लक्ष्य होना जरूरी है कि तुम भविष्य में क्या बनना चाहते हो? अगले एक-दो वर्ष में किस दिशा में आगे बढ़ना चाहते हो? लेकिन ध्यान रखो कि कोई फाइनल डिसीजन अभी नहीं लो, क्योंकि कई बार अनचाहे हालातों के कारण या किसी दूसरे कारणों से लक्ष्य बदलने भी पड़ते हैं।

**रातों-रात सफलता नहीं मिलती:** बच्चों को बताएं कि रातों-रात सफल होना एक भ्रम है। हुनर शुरुआत दिलाता है, अनुशासन आगे बढ़ाता है। सिर्फ टैलेंट काफी नहीं होता, जो निरंतर मेहनत करता है, छोटे-छोटे प्रयास करता है, वही आगे बढ़ता है, सफल होता है। जो भी करो, पूरी लगन से करो।

**असफलता से सीख लें:** किसी काम में अगर असफल होते हो तो यह समझना जरूरी है कि असफल क्यों हुए, इससे क्या सीखा? असफलता का जीवन और करियर पर क्या असर पड़ा? बच्चों को यह भी बताएं कि असफलता बुरी बात नहीं है। असफलता का मतलब हार नहीं, एक सबक है। जिस बच्चे को यह बात समझ में आ जाएगी, वो कभी भी असफलता से नहीं डरेगा।

**(होली फैमिली अस्पताल, दिल्ली की सीनियर साइकोलॉजिस्ट डॉ. मंजू मेहता से हुई बातचीत पर आधारित)**

गार्डनिंग
अनु आर.

वर्किंग वूमेन के बीच गार्डनिंग का नया ट्रेंड 'संडे गार्डन रूटीन' तेजी से पॉपुलर हो रहा है। इसकी कई वजहें हैं। एक तो इससे आपकी गार्डनिंग हॉबी को टाइम मिलता है, दूसरा इसका पॉजिटिव इफेक्ट आपकी मेंटल और इमोशनल हेल्थ पर भी पड़ता है। इसके बारे में जानकर आप भी इसे जरूर फॉलो करेंगी।

# संडे गार्डन रूटीन का बढ़ता ट्रेंड
# हॉबी के साथ सेल्फ केयर

पूरे सप्ताह किचेन, ऑफिस, बच्चों और घर के दूसरी तमाम जिम्मेदारियों के बीच वर्किंग वूमेन के लिए संडे का दिन आराम करने के लिए फिक्स माना जाता है। लेकिन अब बड़ी संख्या में महिलाएं रविवार को काफी समय गार्डन केयर में बिताती हैं। वे 'संडे गार्डन टाइम' को मानसिक शांति और खुशी पाने का नया तरीका मानने लगी हैं। बालकनी में लगे पौधों को पानी देना, पौधों के आस-पास की सूखी पत्तियां हटाना, उनकी ट्रिमिंग करना, नए बीज बोना और उनके अंकुरण का बेसब्री से इंतजार करना, कुछ देर पौधों के बीच गुजारना, अब यह सिर्फ शौक नहीं रहा, आज के दौर में मी टाइम का हिस्सा भी बन गया है।




**पौधों के साथ मिले सुकून:** गार्डनिंग से मिलने वाली खुशी के लिए अनेक महिलाओं ने सीमित स्थान पर ही सही घर के छोटे-छोटे हिस्सों में अपना एक हरा-भरा कोना बसाना शुरू कर दिया है। किसी के यहां छत पर सब्जियां उग रही हैं, तो किसी की बालकनी ताजी धनिया और पुदीने से महक रही है। गार्डन में खुद के लगाए पौधे से सब्जी तोड़ना, एक ऐसा सुकून का एहसास देता है, उतनी ही खुशी देता है, जितनी अपने लिए मनपसंद साड़ी खरीदने में मिलती है। यही वजह है कि अब बहुत सी महिलाएं संडे को मोबाइल और टीवी से दूरी बनाते हुए अच्छा-खासा समय पौधों के बीच या कहें हरियाली के साथ सुकून में बिताती हैं। पौधों के बीच समय गुजारने से न सिर्फ तनाव कम होता है बल्कि मिट्टी को छूने, पौधों की देखभाल करने और नई पत्तियों को उगते देखने से मन में सकारात्मकता का प्रवाह भी होता है। इन्हीं फायदों की वजह से इन दिनों गार्डनिंग थेरेपी भी काफी कारगर साबित हो रही है, जो मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक मानसिक थकान दूर करने का एक सरल तरीका है। दिलचस्प बात यह है कि इस ट्रेंड में घरेलू और काम-काजी महिलाएं दोनों के बीच किसी किस्म का भेदभाव नहीं है। काम-काजी महिलाओं के लिए जहां सप्ताह भर की भाग-दौड़ के बाद गार्डन टाइम डिजिटल डिटॉक्स बन जाता है, वहीं घरेलू महिलाओं के लिए भी रोजमर्रा के काम से अलग यह उनकी निजी पसंद या 'हॉबी' होता है।

**सोशल मीडिया पर पॉपुलर:** इन दिनों सोशल मीडिया पर भी 'संडे गार्डन रूटीन' काफी पॉपुलर हो रहा है। बहुत सी महिलाएं फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर अपने पौधों की तस्वीरें, जैविक खाद बनाने के तरीके और छोटी-छोटी गार्डन सेट-अप साझा करती हैं। इससे उन महिलाओं को भी प्रेरणा मिलती है, जो अभी तक इस 'संडे गार्डन रूटीन' से दूर हैं।

**इसलिए बढ़ रहा ट्रेंड:** गार्डनिंग के इस ट्रेंड के पॉपुलर होने की वजह यह है कि यह आपके और फैमिली मेंबर्स की हेल्थ के लिए भी लाभकारी होता है। घर में उगाई गई हरी सब्जियां और हर्ब्स ताजी होने के साथ ऑर्गेनिक भी होती हैं। इसी वजह से हेल्थ के लिए अधिक फायदेमंद होती हैं। इसीलिए अब कई महिलाएं बाजार के बजाय घर में उगी पालक, पुदीना और टमाटर का उपयोग करना ज्यादा पसंद करती हैं। इस सबके अलावा महिलाओं में बढ़ती पर्यावरण जागरूकता भी इस ट्रेंड को मजबूत कर रही है। प्लास्टिक के गमलों की जगह मिट्टी के गमले, रसोई के कचरे से खाद बनाना और पानी का सीमित उपयोग करना, ये ऐसी आदतें हैं, जो शहरी घरों में खूब दिखाई देने लगी हैं। इस छोटे से प्रयास से भी पर्यावरण को मजबूती मिल रही है।

**ये तरीके हैं कारगर:** इन दिनों बाजार में किचन गार्डनिंग को आसान बनाने के अनेक तरीके और उपकरण मौजूद हैं। जैसे सेल्फ वाटरिंग पॉट्स, वर्टिकल गार्डन स्टैंड, माइक्रो बींस किट और जैविक बीज आसानी से मिल जाते हैं। इसीलिए फ्लैट कल्चर में गार्डनिंग का आकर्षण बढ़ रहा है।



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# घरेलू उपायों से पैरों की टैनिंग होगी दूर

गर्मी के मौसम में तेज धूप, धूल भरी गर्म हवाएं और पसीने की वजह से हमारे पैरों का रंग टैन होने लगता है। इससे उनकी खूबसूरती डल हो जाती है। अगर आप भी इस प्रॉब्लम से परेशान हैं तो कुछ आसान घरेलू उपायों की मदद से इस मौसम में भी अपने पैरों को सुंदर और सॉफ्ट बनाए रख सकती हैं।



**स्क्रबिंग:** पैरों की टैनिंग हटाने के लिए टूथपेस्ट, सोडा, नीबू के रस से बना पैक काफी मददगार साबित होता है। बेकिंग सोडा और नीबू, स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करेगा। नीबू में मौजूद विटामिन-सी त्वचा पर हाइपर पिगमेंटेशन की समस्या को दूर करने में मदद करता है। कांच की कटोरी में थोड़ा सा टूथपेस्ट लें। इसमें एक चम्मच बेकिंग सोडा और आधा नीबू का रस मिलाएं। इन तीनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें और ब्रश की मदद से इसे पूरे पैरों पर लगाएं। अब नीबू के छिलके से पैरों को कुछ देर स्क्रब करें। कुछ देर तक इस पेस्ट को पैरों पर लगा रहने दें और फिर पैरों को पानी से साफ कर लें। इस पैक को हफ्ते में दो बार लगाने से पूरी तरह से टैनिंग से छुटकारा पाया जा सकता है।

**नीबू और खीरा:** खीरे को कद्दूकस या ब्लेंड करके रस निकाल लें। इसमें कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाकर अच्छी तरह मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को कॉटन बॉल की मदद से पैरों की टैनिंग की जगह पर लगाकर लगभग 15 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालें।



**बेसन-दही:** दही और बेसन को एक साथ अच्छे से मिलाकर पैरों पर 30 मिनट तक लगा रहने दें और फिर पैर धो लें। दही पैरों को मॉयश्चराइज करेगा और बेसन टैनिंग को हटाने में असरदार साबित होगा।

**मास्क:** एक मध्यम आकार के आलू का रस निकालकर इसमें एक बड़ा चम्मच दही मिला लें। इसमें एक छोटा चम्मच बेसन मिला लें। इसमें एक चम्मच नीबू का रस और आधा चम्मच शहद मिला लें। अब आप पैरों को अच्छी तरह धो लें और सूखने दें। इसके बाद इस मास्क को पूरे पैरों में लगाकर आधे घंटे बाद हल्के-हल्के रगड़ते हुए हटा लें। इससे डेड स्किन हट जाएगी। अब पैरों को पानी से धो लें और मॉयश्चराइजर लगा लें।

**टैन रिमूविंग पेस्ट:** इसे बनाने के लिए एक कटोरी में गर्म पानी लें। इसमें ईनो पावडर डालें, फिर 1 चम्मच नीबू का रस डालें। इसमें नारियल का तेल, शैंपू की कुछ बूंदें, 1 चम्मच कॉफी पावडर, 2 चम्मच आटा मिक्स कर लें। अब इसे टैनिंग वाले एरिया पर 10 मिनट तक रगड़ें, फिर साफ पानी से धो लें।

गर्मी में हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं काफी बढ़ जाती हैं। डॉक्टर पानी पीने और शरीर को ठंडा रखने की सलाह देते हैं। यहां पर हम आपको कुछ हर्बल ड्रिंक्स के बारे में बता रहे हैं, जो गर्मी से राहत दिलाने में बहुत फायदेमंद हैं।

# तपती गर्मियों से राहत दिलाएं ये पारंपरिक स्वादिष्ट पेय



सजेशन
संध्या सिंह

आज के डिजिटल दौर में फिर से वही पुराने भारतीय हर्बल पेयों की मांग गर्मी से राहत दिलाने के लिए बढ़ रही है, जो कभी नानी-दादी के जमाने में गर्मी से बचाने का अकेला सहारा हुआ करते थे। कभी गांवों की रसोई में सहज रूप से उपलब्ध बेल का शर्बत, सौंफ का पानी, आम का पना, जौ-चना का सत्तू, पुदीना और खस के पेय, नॉर्मल हुआ करते थे। आज ये सब इसलिए लौटकर तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, क्योंकि इन पेय पदार्थों में सचमुच चिलचिलाती गर्मी से राहत पहुंचाने का शानदार गुण होता है। जानकार मानते हैं कि ये पेय सिर्फ शरीर को ठंडा ही नहीं रखते और न ही सिर्फ पाचन सुधारते हैं बल्कि हमें लू से भी बचाने के साथ लगातार ऊर्जावान भी बनाए रखते हैं। इसलिए आजकल फिर से डॉक्टर और खान-पान के विशेषज्ञ गर्मियों में इन देसी पेयों के अधिक से अधिक सेवन की सलाह देते हैं।



### ये भी होते हैं फायदे

- आम का पना लू लगने से बचाने में बहुत कारगर होता है।
- जौ का सत्तू गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखता है।
- पुदीना शिकंजी शरीर को ताजगी देती है और इलेक्ट्रोलाइट्स संतुलन बनाती है।
- बेल का शर्बत लू और पेट की गर्मी से राहत दिलाता है।
- सौंफ का पानी पाचन बेहतर करता है और शरीर को ठंडक प्रदान करता है।
- खस का शर्बत शरीर की गर्मी कम करने में मददगार है।

**बेल का शर्बत:** इनमें सबसे खास और ज्यादा असरदायक है बेल का शर्बत। बेल को आयुर्वेद में शीतल प्रकृति का माना गया है। इसमें फाइबर, विटामिन, मिनरल्स की प्रचुर मात्रा होती है। गर्मी के दिनों में यह शरीर को ठंडा रखता है, लू से बचाता है और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं पर रामबाण की तरह असर करता है।

**पुदीना है फायदेमंद:** पुदीना गर्मी से राहत दिलाने का कारगर साधन है। पुदीना शरीर को ताजगी देता है। नीबू और काला नमक मिलाकर अगर पुदीना के रस का सेवन करें तो यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। यही कारण है कि सड़क किनारे मिलने वाली पारंपरिक शिकंजी या जलजीरा आज भी लोगों की पहली पसंद बना हुआ है।

**आम पना:** आम पना लंबे समय से उत्तर भारत के ग्रामीण इलाकों में गर्मी से राहत दिलाने वाला स्वादिष्ट पेय माना जाता है। कच्चे आम से बनने वाला यह स्वादिष्ट पना, हमें हीट स्ट्रोक से बचाने में बहुत कारगर है। इसमें नमक, गुड़, भुना जीरा, थोड़ी काली मिर्च या भुनी हुई लाल मिर्च डालकर बनाने से यह बेहद स्वादिष्ट तो लगता ही है, शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को अच्छे ढंग से पूरा करता है। यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों ही नहीं शहरी क्षेत्रों में भी आम पना खूब पिया जाता है।

## खबर संक्षेप



### राहगीरों के लिए लगाई ठंडे शरबत की छबील

**हिसार।** श्री राधा कृष्ण सेवा समिति पटेल नगर के सदस्यों ने पटेल नगर मार्केट में राहगीरों के लिए ठंडे शरबत की छबील लगाई। इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण सेवा समिति, पटेल नगर के प्रधान डॉ. महिपाल मुंजाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे और लोगों को ठंडे, मीठे पानी की छबील लगा कर जल पिलाना भारतीय संस्कृति में सबसे बड़ा सेवा कार्य माना जाता है। इस मौके पर जीएल खुराना, पंडित नरेंद्र शर्मा, मनीष बब्बर, धर्मबीर माटा, महेंद्र ठकराल, राजू सरदाना, राजकुमार अरोड़ा, अमर लाल कुकड़ेजा, सुमित मुंजाल, राम कामरा, अशोक शर्मा उपस्थित रहे।

### उपायुक्त कार्यालय पर महापंचायत कल

**हिसार।** उपायुक्त कार्यालय पर निर्माण मजदूरों की महापंचायत को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। 10 जून को निर्माण के कार्य करने वाली मिस्त्री मजदूर अपनी मांगों को लेकर महापंचायत करेंगे। भवन निर्माण कामगार यूनियन हिसार तहसील के सचिव राकेश कुमार ने बताया कि महापंचायत को लेकर बैठकें की जा रही हैं।

### स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

**हिसार।** बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा जोन प्रभारी हरियाणा संजय महंच ने हांसी सिविल अस्पताल और हिसार के महाराजा अग्रसेन नागरिक अस्पताल में हुई अत्यंत दुखद एवं अमानवीय घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के शासन में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हांसी की 22 वर्षीय महिला कोमल ने सिविल अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया था। प्रसव के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर उसे हिसार रेफर किया गया, लेकिन उचित चिकित्सा सुविधाओं और समय पर उपचार के अभाव में उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतका के शव को चूहों द्वारा कुतरने की घटना ने पूरे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कॉकरोच जनता पार्टी को युवाओं ने नकाराः सहगल

**हिसार।** अखिल भारतीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय चेयरमैन एमएल सहगल ने कहा है कि कॉकरोच जनता पार्टी का दिल्ली के जंतर-मंतर पर दिया गया धरना पूरी तरह से फेल रहा। युवाओं ने कॉकरोच जनता पार्टी को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संगठनों को जंतर-मंतर पर धरने की परमिशन आसानी से नहीं मिलती, लेकिन कॉकरोच जनता पार्टी को इसकी परमिशन आसानी से दे दी गई। इससे साफ है कि उनको सरकार का पूर्ण समर्थन हासिल है और यह युवाओं को गुमराह करने का प्रयास है।



### पुलिस के बेड़े में शामिल हुए 10 नए राइडर वाहन

**हांसी।** जिले में अपराध नियंत्रण और आमजन को त्वरित पुलिस सहायता देने के लिए हांसी पुलिस को 10 नए राइडर वाहन मिले हैं। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, ने जिला सचिवालय में हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। एसपी विनोद कुमार ने कहा कि इन राइडर वाहनों के शामिल होने से पुलिस की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली और अधिक मजबूत होगी। इनका मुख्य उपयोग डायल-112 पर आने वाली कॉलों पर तुरंत कार्रवाई के लिए किया जाएगा। ये राइडर वाहन शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की संकरी व तंग गलियों तक भी आसानी से पहुंच सकेंगे। इससे घटनास्थल पर कम समय में पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित होगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नए वाहनों से अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने और आमजन को समय पर पुलिस सहायता देने में मदद मिलेगी।

---

### दूसरे दिन भी उत्साहपूर्वक चला असिस्टेंट योग टीचर ट्रेनिंग कैंप

# असंतुलित जीवनशैली का परिणाम हैं अधिकांश बीमारियां : डॉ. मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति एवं पतंजलि परिवार हिसार द्वारा ठाकुरदास भार्गव सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सरस्वती हॉल में आयोजित 15 दिवसीय असिस्टेंट योग टीचर ट्रेनिंग कैंप एवं बाल संस्कार-चरित्र निर्माण शिविर के दूसरे दिन साधकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। प्रातःकालीन योग सत्र में युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

भारत स्वाभिमान न्यास हिसार के जिला प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार ने साधकों को विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास करवाते हुए उनके वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज अधिकांश रोग हमारी स्वयं की बनाई हुई असंतुलित जीवनशैली का परिणाम हैं। कमर दर्द, सर्वाइकल, मोटापा, तनाव, मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा अनिद्रा जैसी अनेक समस्याएं गलत खान-पान, शारीरिक निष्क्रियता और अव्यवस्थित दिनचर्या के कारण बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल रोगों का उपचार नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की कला है। यदि व्यक्ति नियमित रूप से योग, प्राणायाम और संयमित दिनचर्या को अपनाए तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है।


**हिसार।** योग साधकों को योगाभ्यास कराते प्रभारी डॉ. मुकेश व वीरेंद्र बडाला।

प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए समय पर सोना और समय पर जागना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से देर रात तक जागने और लेट नाइट ईटिंग की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह आदत अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं को जन्म देती है।

### भूमि आश्रम में दो दिवसीय योग शिविर में अस्वस्थ लोगों को कराया योगाभ्यास

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं आयुष विभाग के सहयोग से शहर के भूमि आश्रम में दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आश्रम में निवास कर रहे मानसिक रूप से अस्वस्थ, बेसहारा, बुजुर्ग एवं जरूरतमंद लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों द्वारा आश्रम वासियों को प्राणायाम, ध्यान, हाथों एवं कंधों के व्यायाम, शरीर को स्वस्थ रखने वाले योगासन तथा मानसिक शांति प्रदान करने वाली योग विधियों का अभ्यास करवाया गया। शिविर के दौरान आश्रम के सभी सदस्यों ने अनुशासित ढंग से योगाभ्यास कर स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। इस दो दिवसीय योग शिविर को सफल बनाने में जिला आयुर्वेद अधिकारी के निर्देशन में आयुष विभाग से नियुक्त संतोष एवं रीना ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। दोनों योग प्रशिक्षिकाओं ने आश्रम में रह रहे बुजुर्गों, बेसहारा एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को अत्यंत धैर्य, समर्पण एवं आत्मीयता के साथ योगाभ्यास करवाया।



---


**हांसी।** उमरा भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया। फोटो : हरिभूमि

## मोदी सरकार के 12 वर्ष की उपलब्धियां घर-घर पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी

भाजपा जिला हांसी के उमरा मंडल की संगठनात्मक बैठक गांव सुल्तानपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डॉ. पवन शर्मा ने की, जबकि जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में मंडल अध्यक्ष डॉ. पवन शर्मा ने संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए पिछली बैठक के बाद किए गए कार्यों और गतिविधियों की जानकारी दी।

मुख्य वक्ता एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं तथा लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करने में सहयोग करें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पहल, प्रीति बडाला, कुलदीप जांगड़ा, सुखविंद्र जाखड़, पूर्व जिला विस्तारक सतबीर मलिक, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र मलिक एवं विजय देपल, निशा श्योराण, विनोद चानौत आदि उपस्थित रहे।

---


**हांसी।** कोर्ट परिसर स्थित एनडीपीएस मामलों से संबंधित मालखाने का निरीक्षण करते आईजी कुलदीप सिंह । उनके साथ हैं एसपी विनोद कुमार। फोटो : हरिभूमि

## एनडीपीएस मामलों के मालखाने का हिसार आईजी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी

हिसार मंडल के पुलिस महानिरीक्षक कुलदीप सिंह ने सोमवार को हांसी अदालत परिसर स्थित एनडीपीएस मामलों से संबंधित मालखाने का निरीक्षण कर वहां रखे गए जब्त माल एवं अभिलेखों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाने की सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव और रिकॉर्ड संधारण की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर आईजी कुलदीप सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एनडीपीएस मामलों में जब्त की गई सामग्री का संरक्षण निर्धारित नियमों और कानूनी प्रावधानों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी अभिलेखों को अद्यतन, व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संधारित रखा जाए ताकि न्यायिक प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में जब्त माल का सुरक्षित रख-रखाव और समयबद्ध कानूनी कार्रवाई अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे मामलों में रिकॉर्ड की शुद्धता और सामग्री की सुरक्षा न्यायिक प्रक्रिया की सफलता में अहम भूमिका निभाती है।

## तुलसी पार्क के सौंदर्यीकरण का शुभारंभ, 9 लाख होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

नगर निगम द्वारा वार्ड-14 स्थित तुलसी पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। पार्क के सौंदर्यीकरण पर लगभग 9 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके तहत पार्क में जिम, झूले, ग्रील, नए पौधे, डस्टबिन, धौलपुर पत्थर, नए गेट, फुटपाथ रिपेयर, गार्डन हट रिपेयर आदि कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर पार्षद डॉ. सुमन यादव, पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद संजय डालमिया, ललित शर्मा सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पार्षदों ने कहा कि मेयर प्रवीण पोपली के मार्गदर्शन में नगर निगम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को लगातार आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड-14 के निवासियों तुलसी पार्क के सौंदर्यीकरण की मांग की थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। पार्क के विकास से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और आसपास का वातावरण भी अधिक आकर्षक बनेगा।

पार्षद डॉ. सुमन यादव ने कहा कि पार्क में बुजुर्गों के लिए व्यायाम की सुविधाएं तथा बच्चों के लिए खेल-कूद के उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे स्थानीय लोगों को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण मिलेगा तथा सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।




## समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचकर उनका सम्मान करना ही सच्ची मानव सेवा

■ भाग्यश्री आश्रम में भजन संध्या एवं लंगर वितरण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

आसरा वेलफेयर सोसायटी की ओर से आजाद नगर स्थित भाग्यश्री आश्रम में रह रही बौद्धिक दिव्यांग महिलाओं के जीवन में प्रसन्नता, आत्मीयता एवं मुस्कान लाने के उद्देश्य से भजन संध्या एवं लंगर वितरण कार्यक्रम का आयोजन संस्था के अध्यक्ष डॉ. दीपक नागपाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में आसरा संस्था के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सेवा, संवेदना एवं मानवता के इस पुनीत कार्य में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। भजन संध्या के दौरान भक्ति रस से ओत-प्रोत वातावरण बना रहा, वहीं लंगर वितरण के माध्यम से सभी ने मिलकर सेवा भाव का परिचय दिया। आश्रम की बहनों के साथ आनंद एवं भक्ति के मधुर क्षण साझा करते हुए सभी ने उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया। इस अवसर पर आसरा संस्था के अध्यक्ष डॉ. दीपक नागपाल ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें सम्मान, स्नेह और सहयोग प्रदान करना ही सच्ची मानव सेवा है। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा और संवेदना का संदेश पहुंच सके।


**हिसार।** भाग्यश्री आश्रम में महिलाओं के साथ भजन कीर्तन का आनंद उठाते आसरा संस्था के प्रधान डॉ. दीपक नागपाल व अन्य सदस्यगण।

**इनकी रही भागीदारी**

प्रो. नरेंद्र मेहता, नरेंद्र अनेजा, प्रो. प्रेम तनेजा, सुरेंद्र मेहता, देवकी अग्रवाल, सुरेश नांगरू आईटीओ, विजय नागपाल, कैलाश अग्रवाल, सतीश सरदाना, डॉ. हेमंत आहूजा, शंकर नांगरू, सुरेंद्र नागपाल, प्रदीप शर्मा (सब इंस्पेक्टर), यश अनेजा, भजन गायक रिंकू खुराना, सनी एवं उनकी टीम सहित संस्था के अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## टेल तक पानी पहुंचाने की मांग पर किसानों ने दिया धरना, की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

संयुक्त किसान-मजदूर संगठन के बैनर तले जिले में चिकनवास राणा माइनर की टेल पर किसानों ने धरना देकर सिंचाई विभाग और सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए नारेबाजी की। किसानों ने मांग की कि बालक नहर की टेल मोगा नंबर 99370 तक पूरा नहरी पानी पहुंचाया जाए और नहर की जल्द सफाई करवाई जाए ताकि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। धरना की अध्यक्षता सुधीर मंडेरणा व सुरेंद्र मलिक ने की। धरने पर पहुंचे चिकनवास, दुर्जनपुर, काजला, जीडी न्योली कला, न्योली खुर्द, जगान, नंगथला, लांदड़ी, श्यामसुख आदि गांव के किसानों ने सोमवार को कहा कि पिछले 6-7 वर्षों से बालक नहर में टेल तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है जिसके कारण क्षेत्र के किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नहरी पानी की कमी से फसलें प्रभावित हो रही हैं और किसानों को महंगे साधनों से सिंचाई करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। सीटू नेता कामरेड सुरेश कुमार व अन्य किसानों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों से मिल चुके हैं।



## विद्यार्थियों की समस्या लेकर पहुंचे अभाविप के सदस्यों ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

गुजवि में विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच सोमवार को विवाद की स्थिति पैदा हो गई है। अभाविप का एक प्रतिनिधिमंडल कमलदीप अत्री के नेतृत्व में कुलपति कार्यालय की ओर बढ़ रहा था और कुलपति कार्यालय का गेट बंद कर दिया गया। आरोप है कि विद्यार्थियों को आता देख कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश देकर तुरंत प्रभाव से कुलपति कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगवा दिया, ताकि विद्यार्थी परिषद का एक भी कार्यकर्ता कार्यालय के भीतर न पहुंच सके।

अभाविप नेताओं ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल के सदस्य दोपहर की भीषण और तेज धूप में करीब 2 घंटे तक कुलपति कार्यालय के बाहर खड़े रहे और कुलपति से मिलकर अपनी मांगें रखने का इंतजार करते रहे। लेकिन विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान का रास्ता निकालने के बजाय कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई कथित तौर पर जानबूझकर कार्यालय के पिछले दरवाजे से बाहर निकल गए।



### डॉ. कमल गुप्ता ने एसआईआर अभियान में सक्रिय भागीदारी का किया आह्वान

**हिसार।** भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के उपरांत पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने आमजन एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी मतदाता सूची विशेष संशोधन अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में सही एवं अद्यतन रूप से दर्ज होना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. कमल गुप्ता ने बताया कि 15 जून से 14 जुलाई तक हरियाणा में मतदाता सूची का विशेष संशोधन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम, पते तथा अन्य विवरणों का सत्यापन करेंगे। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूपवाला, रामचंद्र गुप्ता, लोकेश असीजा, कृष्ण बिश्नोई, अनुज जैन, प्रोमिला पुनिया, प्रवीण नारंग, जय भगवान लाडवाल, धर्मवीर सिंह पानू, सुशील महंच, धर्मवीर सिंह खटकड़ , श्रवण कुमार आदि उपस्थित रहें।



---

**व्यवस्था** एसपी सिद्धांत जैन ने ट्रैफिक अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश, कहा- नियम तोड़ने वालों पर करें सख्ती

# सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस एवं संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन सोमवार को ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ले रहे थे। बैठक में नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (नाही) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया। बैठक में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट्स), यातायात जाम की समस्याओं तथा इनके स्थायी समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई।

उन्होंने ट्रैफिक स्टाफ को निर्देश दिए कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लगातार जागरूक किया जाए। विशेष रूप से तेज गति, गलत दिशा में वाहन चलाना, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए ड्राइविंग करना, शराब पीकर वाहन चलाना तथा बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के वाहन चलाने जैसी लापरवाहियों पर सख्ती बरती जाए।

बैठक में नाही अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्गों पर संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टर, स्ट्रीट लाइट, कट पॉइंट्स एवं अन्य सुरक्षा उपायों को और बेहतर बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का निर्णय लिया गया ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके। एसपी ने कहा कि सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें तथा स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।


**हिसार।** बैठक को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

### एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड में शामिल पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की वर्दी, अनुशासन, टर्नआउट तथा कार्यकुशलता का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत एसपी ने जिले में हाल ही में प्राप्त हुई 10 नई ईआरवी राइडर-112 टीम के संचालन के लिए समर्पित किया तथा संबंधित स्टाफ को जनता की सुरक्षा एवं त्वरित पुलिस सहायता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डायल-112 पुलिस और आमजन के बीच भरोसे की महत्वपूर्ण कड़ी है तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देना पुलिस की प्राथमिकता है। नई मोटरसाइकिलों के माध्यम से पुलिस प्रतिक्रिया समय में और सुधार होगा तथा दूरस्थ क्षेत्रों तक भी शीघ्र पहुंच सुनिश्चित की जा सकेगी। एसपी ने डायल-112 स्टाफ को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाली प्रत्येक सूचना पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करें तथा लोगों के साथ शालीन एवं सकारात्मक व्यवहार बनाए रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस की छवि उसके व्यवहार और कार्यशैली से ही बनती है।





### चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाएं

■ पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए है पूरी तरह प्रतिबद्ध

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से कहा है कि वे अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों, प्रतिष्ठानों तथा आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं, ताकि चोरी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में शहर के कुछ क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं की जांच एवं अपराधियों की पहचान में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कैमरों की मदद से अपराधियों तक शीघ्र पहुंचना और उनके खिलाफ कार्रवाई करना आसान हो जाता है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, लेकिन अपराधों की रोकथाम में आमजन का सहयोग भी आवश्यक है। बाजारों, गलियों, आवासीय कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरे न केवल अपराधियों में भय उत्पन्न करते हैं, बल्कि किसी भी घटना के समय महत्वपूर्ण साक्ष्य भी उपलब्ध कराते हैं।

### पर्यावरण को स्वच्छ रखता है हवन : महाराज



**हिसार।** कैमरी रोड स्थित ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में आश्रम के संचालक एवं गद्दीनशीन महंत राजेश्वरानंद महाराज के निर्देश से गुरु महाराज जी के सानिध्य में श्री श्री 1008 श्री ओम नंद महाराज जी के आठवें निर्वाण दिवस आश्रम में धार्मिक कार्यक्रम का हवन यज्ञ के साथ शुभारंभ किया। अवसर पर दलबीरानंद महाराज ने हवन यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिकाल से ही हमारे ऋषि-मुनि हवन करते आए हैं। हवन हमारे देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के साथ-साथ हमारे वातावरण में फैले विषाणुओं को समाप्त करने तथा हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी अहम भूमिका अदा करता है। इसलिए समय समय पर हवन यज्ञ करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

**हिसार।** चौधरी फकीरचंद फतेहचंद मानव कल्याण समिति ट्रस्ट द्वारा 9 जून को स्व. चौ. फतेहचंद व स्व. माता हरबंस कौर की स्मृति में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में लगने वाले इस शिविर में जरूरतमंद लोगों की आंखों का ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा। इतना ही नहीं यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की जाएंगी। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष सीए रामनिवास अग्रवाल व सचिव मांगेराम गुप्ता ने बताया कि समाजसेवी अनिल महता इस शिविर के संयोजक हैं। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय माता हरबंस कौर व उनके पति स्व. चौ. फतेहचंद ने समाज हित के कार्य करके अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### बच्चों ने खेल-खेल में सीखा मेडिटेशन

**हिसार।** बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं एकाग्रता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया चार दिवसीय मेडिटेशन कैंप बच्चों के प्रतिभा प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में चार दिन तक चले इस शिविर में बच्चों ने खेल-खेल में मेडिटेशन करना सीखा और उसका अभ्यास भी किया। इसके साथ ही बच्चों ने प्रतिदिन मड प्ले व रेन डांस में भी हिस्सा लिया। रोप एक्टिविटी से जहां बच्चे रोमांचित हो गए, वहीं पेंटिंग व सिंगिंग सीखकर उन्होंने अपनी कुशलता का परिचय दिया। शिविर के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

### अणुव्रत समिति की वार्षिक बैठक तेरापंथ भवन में हुई

**हिसार।** अणुव्रत समिति हिसार की आम सभा अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण की सुशिष्या शासनश्री साध्वी श्री यशोधरा जी व शासन श्री साध्वी श्री परशमरती जी के पावन आर्शीवाद से तेरापंथ भवन कटला में आयोजित की गई जिसमें केशियर विनोद जैन ने पिछले साल 2025-26 का आय-व्यय का हिसाब-किताब दिया गया तथा अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने पिछले साल 2025-26 के दौरान किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसका सभी ने करतल ध्वनि स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद जैन द्वारा अणुव्रत गीत व अणुव्रत आचार संहिता के वाचन से शुरू किया गया।

### प्रेरणा परिवार की मासिक गोष्ठी का आयोजन

**हिसार।** प्रेरणा परिवार द्वारा मासिक गोष्ठी का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता शुभकरण गौड़ द्वारा की गई मंच का संचालन जय भगवान लाडवाल ने किया। इस मौके पर डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस मौके पर जय भगवान लाडवाल, भीम सिंह हुड्डा, गायक नरेश पिंघल, कलमकार वीरेंद्र कौशल, मास्टर कृष्ण इदौरा, शुभकरण गौड़, ऋषि सक्सेना, लाल बहादुर शर्मा, संजय सागर, गौरव कुमार, सुरेंद्र छिंदा आदि ने काव्य पाठ किया।

## एडीसी ने बीडीपीओ को दिए मामले की जांच के आदेश

# गांव डोभी के सरपंच व पंचों में खींचतान

**सरपंच ने कुछ पंचों पर जान-बूझ कर विकास कार्यों के बिलों की अदायगी में बाधा डालने का आरोप**

**एडीसी शालिनी चेतल ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने सोमवार को लघु सचिवालय परिसर में नागरिकों की समस्याओं को सुना। समाधान शिविर में गांव डोभी सरपंच ने कुछ पंचों द्वारा जान-बूझकर गांव के विकास कार्यों के बिलों की अदायगी में बाधा उत्पन्न करने से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में देरी होने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव सुलखनी के एक प्रार्थी ने पंचायत भूमि पर अवैध कब्जा, पंचायत की संपत्तियों के दुरुपयोग एवं पंचायत कार्यों में संभावित अनियमितताओं की जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने को कहा।



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनतीं अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल। फोटो: हरिभूमि

**जलभराव से लोग परेशान**

गांव मुकलान के निवासी अमित कुमार ने गांव की मुख्य फिरणी पर गंदे पानी के भराव के कारण स्कूली छात्रों एवं ग्राम वासियों की अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है, इसकी निकासी के लिए पक्का नाला बनवाने की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने जिला पंचायत एवं विकास एवं अधिकारी को मौका मुआयना कर आगामी कार्यवाही करने की हिदायत दी।

## आंधी से क्षतिग्रस्त व टूटे बिजली के खंभों को प्राथमिकता के आधार पर बदलने के निर्देश

- समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनीं जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश
- बिजली पोल शिफ्टिंग, पेयजल पाइपलाइन लीकेज, अतिक्रमण और यातायात बाधा संबंधी शिकायतों पर संबंधित विभागों को मौके पर कार्रवाई के निर्देश



हांसी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते डीसी राहुल नरवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

जिला सचिवालय परिसर में उपायुक्त राहुल नरवाल की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

समाधान शिविर में गांव सिसाय कालीरामन निवासी साहिल ने अपने खेत में लगे बिजली के पोल को खेत के डोले के साथ शिफ्ट करवाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। इस पर उपायुक्त ने बिजली निगम के अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर नियमानुसार उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार शहर की बोगा राम कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति लाइन में लीकेज की शिकायत पर उपायुक्त ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तुरंत मौके पर जाकर पाइपलाइन की मरम्मत कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

शिविर में सीटीएम हिमांशु चौहान, तहसीलदार डॉ अनिल विधान, बीडीपीओ अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**अतिक्रमण को हटाने की मांग**

उपायुक्त ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को हाल ही में आई आंधी के कारण क्षतिग्रस्त एवं टूटे बिजली के खंभों को प्राथमिकता के आधार पर बदलने के निर्देश भी दिए। इस पर निगम अधिकारियों ने अवगत कराया कि अधिकांश क्षतिग्रस्त पोल बदले जा चुके हैं तथा शेष पोलों को बदलने का कार्य भी लगातार जारी है। ढाणी पिरावली निवासी हरिंदर ने सरकारी स्कूल से राष्ट्रीय राजमार्ग तक जाने वाली सड़क पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर शिकायत प्रस्तुत की। उपायुक्त ने इस मामले में बीडीपीओ को मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



हिसार। 'एक नया आगाज़' संस्था के सदस्य मेयर प्रवीण पोपली को पौधा भेंट करते हुए।

## मेयर पोपली ने सराहा 'एक नया आगाज' का पर्यावरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

विश्व पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत युवाओं द्वारा संचालित सामाजिक संस्था 'एक नया आगाज़' ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए बेकार पड़े नारियल के खोलों का पुनः उपयोग कर उनमें पौधे तैयार किए और उनका वितरण किया। संस्था के सदस्य यश डालमिया, इशित जिंदल, सहज सिंघल, निशिका, अर्जुन सिंधु, स्पर्श जिंदल, अबीर तथा ध्रुव ने मिलकर लगभग 150 पौधे नारियल के खोलों में तैयार किए। इन पौधों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण, पुनर्चक्रण तथा हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। विश्व पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर संस्था के सदस्यों ने पूरे हिसार शहर में विभिन्न स्थानों पर जाकर पौधों का वितरण किया तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान नगर निगम कार्यालय में मेयर प्रवीण पोपली को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मेयर प्रवीण पोपली ने युवाओं द्वारा की गई इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की निरंतर जिम्मेदारी है।

### भाविप विवेकानंद शाखा ने मोक्ष आश्रम में रखवाई पानी की टंकी

**हिसार।** भारत विकास परिषद, विवेकानंद शाखा की ओर से शहर के विभिन्न स्थानों पर जनसेवा के अंतर्गत पेयजल सेवा संचालित की जा रही है। इनमें बस स्टेंड के समीप ऋषि नगर मोक्ष आश्रम, सेक्टर 16-17, 12 क्वार्टर मोक्ष आश्रम, हिसार रेलवे स्टेशन, महाराजा अग्रसेन अस्पताल में शीतल जल सेवा नियमित रूप से प्रदान की जा रही है। शाखा के गतिविधि संयोजक सीताराम मंगल ने बताया कि इसी कड़ी में शाखा ने आजाद नगर स्थित मोक्ष आश्रम में भी आगंतुकों के लिए शीतल पेय की व्यवस्था करते हुए पानी की टंकी रखवाई। शाखा सदस्य ऋषिराज बुड़ाकिया ने अपने माता-पिता सीता देवी व मुरलीधर सिंगला की स्मृति में यह टंकी रखवाई हैं जबकि शाखा सदस्य व वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र पंघाल टंकी की देखभाल करेंगे। इस अवसर शाखा अध्यक्ष राजेश जैन, आशीष जैन, सीताराम मंगल, अजय सिंगला, अशोक शर्मा व सुमित मित्तल उपस्थित थे।



हिसार। कार्यशाला में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

## पुस्तकालय पेशेवरों के लिए तकनीकी नवाचारों को अपनाने की आवश्यकता पर दिया बल

- गुजवि 'पुस्तकालय स्वचालन एवं डिजिटलीकरण' विषयक छह दिवसीय संकाय विकास कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) की ओर से आयोजित छह दिवसीय लघु अवधि संकाय विकास कार्यशाला 'पुस्तकालय स्वचालन एवं डिजिटलीकरण' का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला के समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. आरडी मेहला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता एमएमटीटीसी की निदेशिका प्रो. सुनीता रानी ने की। कार्यशाला का समन्वयन उप-पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. एनके चौहान व सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष सोम दत्त द्वारा किया गया। मुख्यातिथि डॉ. आरडी मेहला ने अपने संबोधन में पुस्तकालय पेशेवरों के लिए सतत अधिगम एवं तकनीकी नवाचारों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस महत्वपूर्ण एवं समयानुकूल कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एमएमटीटीसी की सराहना की। एमएमटीटीसी की निदेशिका प्रो. सुनीता रानी ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान पेशेवरों की व्यावसायिक दक्षताओं का विकास करना था।

## छात्राएं और महिलाएं सीख रही मेहंदी लगाना



हिसार। स्वदेशी जागरण मंच के मेहंदी कला प्रशिक्षण कोर्स में हिस्सा लेती छात्राएं व महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण कोर्स शुरू हो गया है। इसके तहत छात्राओं व महिलाओं को विशेषज्ञ महिलाएं मेहंदी कला का प्रशिक्षण दे रही हैं। हिसार में 26 प्रशिक्षण केंद्र निर्धारित किए गए हैं। संध्या शर्मा, सोनू गोयल, अन्नु, प्रवीन गांधी, कविता वर्मा व सुमन ऐरन इस कोर्स की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवा रहे हैं। बस स्टेंड के पास ऋषि नगर, आजाद नगर, महावीर कॉलोनी, डीसी कॉलोनी, राजीव नगर, धांसू, पटेल नगर, कृष्णा मंडी, डोगरान मोहल्ला, मॉडल टाउन, खजानचियान बाजार, सुंदर नगर, जवाहर नगर, सेक्टर-15 मार्केट, न्यू राजगुरु मार्केट, विजय नगर, 12 क्वार्टर रोड, सत्या नगर, एमसी कॉलोनी, सेक्टर-14, दीप नगर, तलाकी गेट व सैनियान मोहल्ला में प्रशिक्षण केंद्र बनाए गए हैं।



हिसार। अध्यापक गौरव भुटानी को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## 150 बच्चों और सेवादारों को किया सम्मानित

- 5 दिवसीय गुरमत शिक्षण कैंप संपन्न

**हिसार।** गुरुद्वारा मंजी साहिब पातशाही नौवीं, जींद में बच्चों को सिख इतिहास, गुरबाणी और पंजाबी भाषा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया गया पांच दिवसीय गुरमत शिक्षण कैंप धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न हो गया। तीन जून से सात जून तक चले इस समर कैंप में जींद और आसपास के क्षेत्रों के लगभग 150 स्कूली बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कैंप के दौरान बच्चों को दस गुरु साहिबान, पांच प्यारों और चार साहिबजादों के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी गई। कैंप के समापन अवसर पर समूह साध संगत तथा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी जींद की ओर से कैंप को सफल बनाने में योगदान देने वाले स्थानीय व बाहरी क्षेत्रों से आए सेवादारों को सम्मानित किया गया। इस दौरान हरियाणा सिख प्रबंधक कमेटी के जत्थेदार करनैल सिंह निमनाबाद ने हिसार से आए पंजाबी भाषा अध्यापक गौरव भुटानी को बच्चों को मातृभाषा से जोड़ने और उनके उत्कृष्ट शिक्षण के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया।



हिसार। एनसीसी कैंप में सेल्फ डिफेंस तकनीक का प्रदर्शन करती कैडेट्स। फोटो: हरिभूमि

## एनसीसी शिविर में 566 कैडेट्स ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**हिसार।** रावलवास खुर्द स्थित दि रॉयल सैनिक विद्यापीठ में थर्ड हरियाणा बटालियन एनसीसी कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 566 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। इस शिविर के दौरान सीओ कर्नल सुनील कटारिया, एसएम सूबेदार महावीर सिंह, जीसीआई ज्योति बिश्नोई व मोनिका एवं एएनओ ज्योति विशेष रूप से मौजूद रहे। कैंप में अंतरराष्ट्रीय सेल्फ डिफेंस कोच रोहतास कुमार ने कैडेट्स को हर विकट परिस्थिति का सामना करने की सरल तकनीकों से रूबरू करवाया। कोच रोहतास कुमार ने सेल्फ डिफेंस के लिए हाथ, पांव, कोहनी व सिर का इस्तेमाल करना भी सिखाया।

## डस्टबिन के इस्तेमाल पर किया जागरूक

- पर्यावरण संरक्षण अभियान के चलते स्वच्छता अभियान के चौथा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान के चौथे दिन नगर निगम की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर निगम की टीम ने शहर के प्रत्येक वार्ड में नए नियमों के अनुसार घरों, संस्थानों व दुकानों से निकलने वाले चार तरह के कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने के लिए विस्तार से जानकारी दी गई। अभियान में पार्षदों, वेस्ट वेडनेसडे फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया।



हिसार। लोगों को जागरूक करती नगर निगम की टीम। फोटो: हरिभूमि

**ये है चार प्रकार के डस्टबिन**

⏭**हरा डस्टबिन (गीला कचरा):** इसमें जैविक या सड़ने-गलने वाला कचरा डाला जाता है। जैसे फल एवं सब्जियों के छिलके, बचा हुआ भोजन, चायपत्ती, फूल-पत्तियां और बगीचे का कचरा। इस कचरे से खाद बनाई जा सकती है।

⏭**नीला डस्टबिन (सूखा कचरा):** इसमें रीसाइक्लिंग योग्य सामग्री डाली जाती है। जैसे कागज, गत्ता, प्लास्टिक की बोतलें, कांच, धातु के डिब्बे, अखबार और पैकेजिंग सामग्री।

⏭**लाल डस्टबिन (घरेलू खतरनाक एवं सैनिटरी कचरा):** इसमें सैनिटरी नैपकिन, डायपर, इस्तेमाल किए गए मास्क, दस्ताने, दवाइयों के अवशेष तथा अन्य संक्रमित या खतरनाक कचरा डाला जाता है। यह कचरा विशेष प्रक्रिया से नष्ट किया जाता है ताकि संक्रमण न फैले।

⏭**काला डस्टबिन (अवशिष्ट या गैर-रीसाइक्लेबल कचरा):** इसमें ऐसा कचरा डाला जाता है जिसे न खाद में बदला जा सकता है और न ही आसानी से रीसायकल किया जा सकता है। जैसे धूल-मिट्टी, राख, गंदे टिश्यू पेपर, टूटे बर्तन और अन्य अपशिष्ट सामग्री शामिल है।

## 11 से गांव खांडा खेड़ी में शुरू होगा 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर

**नारनौंद।** करो योग रहो निरोग इसी नारे के साथ आगामी 11 से 25 जून तक गांव खांडा खेड़ी के शहीद भरत सिंह राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इस योग विज्ञान शिविर में योग द्वारा शरीर को किस प्रकार से स्वस्थ रखना है और रोगों की मुक्ति का समाधान के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों को योग के क्षेत्र में खिलाड़ियों के लिए राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक के कठिन व एडवांस आसनों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। षटक्रम व नेचुरोपैथी द्वारा रोग निदान किया जाएगा। बीपी व शुगर से संबंधित चेकअप किए जाएंगे। जिला प्रभारी वेद प्रकाश आर्य व सोशल मीडिया प्रभारी बिजेंद्र आर्य ने बताया कि करो योग रहो निरोग के अंतर्गत सभी को योग की बारीकियों के बारे में सिखाया जाएगा। अष्टांग योग के भाग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि आदि के बारे में भी बताया जाएगा। साथ में यज्ञ चिकित्सा, एक्यूप्रेशर चिकित्सा, के द्वारा पतंजलि के प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## अशोक सिंघल अध्ययन-शोध पीठ' की स्थापना का मार्ग प्रशस्त

# गुजवि एवं सांस्कृतिक गौरव संस्थान के बीच हुआ एमओयू

**एमओयू सांस्कृतिक विरासत व सामाजिक समरसता को जोड़ने का करेगा कार्य**

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं सांस्कृतिक गौरव संस्थान, नई दिल्ली के बीच 'श्री अशोक सिंघल अध्ययन-शोध पीठ' की स्थापना के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ है। यह एमओयू भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समरसता तथा पर्यावरणीय चेतना के क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान एवं अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। एमओयू पर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई, सांस्कृतिक गौरव संस्थान, अध्यक्ष कपिल खन्ना, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा, कुलसचिव डॉ. विजय कुमार तथा प्रो. ओपी सांगवान ने हस्ताक्षर किए। कुलपति ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली, सांस्कृतिक मूल्यों को शिक्षा और अनुसंधान के साथ जोड़ना वर्तमान समय की आवश्यकता है।



हिसार। एमओयू का आदान-प्रदान करते गुजवि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व सांस्कृतिक गौरव संस्थान, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल खन्ना।

**ये रहे उपस्थित**

सांस्कृतिक गौरव संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल खन्ना ने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय में स्थापित होने वाली 'श्री अशोक सिंघल अध्ययन-शोध पीठ' इन उद्देश्यों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सांस्कृतिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर प्रो. योगेश चाबा, प्रो. विनोद छोकर, डॉ. प्रियंका सहित विश्वविद्यालय एवं सांस्कृतिक गौरव संस्थान के अनेक पदाधिकारी, शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



बरवाला। प्रतिभागी विद्यार्थी अपनी अपनी गतिविधि को दिखाते हुए।

## ग्रीष्मकालीन शिविर पौधरोपण पर किया जागरूक

**बरवाला।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नहर कोठी बरवाला के प्रांगण में आयोजित भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर समापन हुआ। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का संचालन ओवरऑल इंचार्ज हिंदी प्रवक्ता सुमन सलूजा द्वारा किया गया। इस शिविर में भाषा विकास, पठन-पाठन, लेखन कौशल, पोधा रोपण, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को नई-नई जानकारियां प्रदान की गईं। इस शिविर में सहयोगी भाषा अध्यापक डॉ. शैलेन्द्र, संजय मदान, सुभाष, विकास, प्रदीप शर्मा, सतीश, चांदनी मेहता, सविता जांगड़ा आदि रहे।